हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 1 अक्टूबर 2025



11 श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांद्वुवाड़ा में लंका दहन...



12 डॉ. अरविंद शर्मा ने कनीना में ली परिवेदना समिति की...




डिपो को सितंबर माह में मिली बसें

# नारनौल डिपो को मिली 25 रोडवेज बसें, यात्रियों को होगा फायदा

**अब इंश्योरेंस, पासिंग एवं आरसी का काम बाकी, फिर चलेंगी रूटों पर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

रोडवेज बस डिपो में परिवहन सुविधा को और भी बेहतर बनाने के लिए 25 नई बसों को शामिल किया गया है। वर्तमान में नारनौल डिपो में कुल 148 रोडवेज बसें हैं और इन नई बसों के आने से बसों की संख्या बढ़कर 173 हो गई है। नई बसों को इनके आवश्यक कागजात जैसे पासिंग, आरसी, इंश्योरेंस आदि होने के बाद रूटों पर उतारा जाएगा। इन बसों के रूटों पर उतरने के बाद यात्रियों को जहां नई बसों की सुविधा मिल सकेगी, वहीं विभिन्न रूटों पर बसों की संख्या में भी वृद्धि हो जाएगी और जो रूट रोडवेज बसों के संचालन से वंचित चले आ रहे हैं, उन रूटों पर भी रोडवेज बसें चलाने में मदद मिल सकेगी।

### नारनौल-दिल्ली रूट पर सर्वाधिक बसों का संचालन

गौर हो कि रोडवेज बस डिपो नारनौल लगभग तीन दशक पुराना है। इस बस डिपो के अधीन जिलेभर के ग्रामीण रूटों के अलावा विभिन्न लंबे रूटों पर भी बसों का संचालन किया जाता रहा है। वर्तमान में हालात ऐसे बने हुए हैं कि आबादी बढ़ने के अनुपात में रोडवेज बसों में वृद्धि नहीं हुई। इस कारण जिले में कई रूट ऐसे भी हैं, जहां बसों की डिमांड है, लेकिन पर्याप्त रोडवेज बसें नहीं होने के कारण वहां पर बसें नहीं चलाई जा रही। बसों की कमी के कारण आज भी नारनौल-कनीना रूट पर सर्वाधिक एसटीए परमिट वाली बसें चल रही हैं। कनीना ही नहीं, महेंद्रगढ़-दादरी रूट का भी यही हाल है, जहां प्राइवेट बसें दिनभर नारनौल से दादरी के बीच दौड़ती रहती हैं। हालांकि वर्तमान में नारनौल डिपो से लगभग 148 रोडवेज बसों का संचालन किया जा रहा है, लेकिन इनमें से करीब पांच-सात बसें तो वर्कशॉप में रिपेयर के लिए ही खड़ी रहती हैं, जबकि नारनौल-दिल्ली रूट पर सर्वाधिक बसों का संचालन किया जा रहा है। जयपुर, झुंझुनूं एवं अलवर रूट पर भी काफी बसें चलती हैं, लेकिन लोकल रूटों पर बसों की भारी कमी बनी हुई है। हालांकि अब 25 नई रोडवेज बसें मिलने से कुछ राहत मिलने की पूरी संभावना नजर आ रही है।



नारनौल। बेड़े में शामिल हुई नई रोडवेज बसें। फोटो : हरिभूमि

### इन तारीखों में मिली नई बसें

इन नई रोडवेज बसों का आगमन 17 सितंबर से 29 सितंबर के बीच हुआ है, जिसमें 17 सितंबर को 6 बसें, 25 सितंबर को 10 बसें, 26 सितंबर को 4 बसें, 27 सितंबर को 2 बसें, 28 सितंबर को 2 बसें और 29 तारीख को एक बस शामिल हैं।

### दस्तावेज बनाने हैं बाकी

इन बसों का इंश्योरेंस और पासिंग का कार्य प्रोग्रेस में है। जल्द ही इनकी इंश्योरेंस और पासिंग करवाई जाएगी तथा आरसी बनवाई जाएगी। आरसी मिलने के बाद यात्रियों को और बेहतरीन सुविधा मिल सकेगी। इससे यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होगी और परिवहन सुविधा में सुधार होगा तथा राजस्व में भी बढ़ोतरी हो सकेगी।

### नौ एसी बसें भी चल रही

नारनौल डिपो में पहले से ही 9 एसी बसें चल रही हैं। इन एसी बसों को ज्यादातर को नारनौल से चंडीगढ़ चलाया जा रहा है। इनमें से कुछ बसें नारनौल से दिल्ली एवं जयपुर के लिए भी एसी बसें संचालित की जाती रही हैं।

### यह कहते हैं रोडवेज जीएम



रोडवेज के जीएम देवदत्त ने बताया कि इन नई बसों के आने से नारनौल डिपो में रोडवेज की बसों की संख्या बढ़कर 173 हो गई है। इन बसों का इंश्योरेंस और पासिंग का कार्य प्रोग्रेस में है। जल्द ही इनकी इंश्योरेंस और पासिंग होने के बाद यात्रियों को और बेहतरीन सुविधा मिलेगी। नई बसें मिलने से यात्रियों एवं रूटों दोनों को फायदा होगा।

### बसों की संख्या हुई 173

इन नई बसों के आने से नारनौल डिपो में बसों की संख्या बढ़कर 173 हो गई है और इससे यात्रियों को और भी बेहतर सुविधा मिलेगी। इससे परिवहन सुविधा में सुधार होगा और यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में आसानी होगी।

## खबर संक्षेप

### बाबा जगनदास महाराज का मेला कल

**महेंद्रगढ़।** गांव बुचौली में बाबा जगनदास महाराज का मेला दो अक्टूबर को दशहरे पर्व पर लगेगा तथा उसी दिन देसी घी के भंडारे का आयोजन होगा। राजेश महाराज, सतीश मेहरा, अनिल मेहरा तथा जयसिंह नंबरदार ने बताया कि जो भी भगत सच्चे मन से अरदास लगाते हैं, बाबा उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। बाबा का मेला साल में दो बार दशहरे तथा धुलेंडी के दिन लगता है। दशहरे के दिन रात्रि को गायक कलाकारों की ओर से बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

### गंगा देवी पांडेय में नेत्र जांच शिविर कल

**महेंद्रगढ़।** पुराना नारनौल रोड पर स्थित गंगा देवी पाण्डेय नेत्र चिकित्सालय में दो अक्टूबर को एक विशाल नेत्र जांच शिविर आयोजित किया जाएगा। अस्पताल प्रबंधक श्रीनिवास पांडेय ने बताया कि विजय दशमी एवं गांधी जयंती पर गंगा देवी पांडेय नेत्र चिकित्सालय के द्वारा अस्पताल में ही एक विशाल नेत्र जांच शिविर होगा, जिसमें संस्थान के अनुभवी डाक्टरों द्वारा आंखों के मरीजों की पूरी निःशुल्क जांच की जाएगी और इस दिन सभी तरह के टेस्ट भी निःशुल्क होंगे। वहीं दवाई व चश्मे भी निःशुल्क ही दिए जाएंगे। इस शिविर का शुभारंभ जिला प्रमुख डॉ. राकेश कुमार द्वारा किया जाएगा।

विजयदशमी पर दो अक्टूबर को ऑटो मार्केट में होंगे दहन

# महेंद्रगढ़ में 3 रामलीलाओं में रावण कुंभकरण व मेघनाद के पुतले तैयार

एक लाख 25 हजार रुपये की लागत से तैयार किए गए पुतले

*▶▶ श्री आदर्श रामलीला कमेटी व श्री हनुमान रामलीला कमेटी की ओर से शोभायात्रा के दौरान करीब एक लाख 10 हजार रुपये की लागत से आतिशबाजी की जाएगी। वहीं रामलीला परिषद की ओर से पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए आतिशबाजी नहीं की जाएगी।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर में तीन रामलीला में नौ दिन से चल रही रामलीला का मंचन दो अक्टूबर को समाप्त हो जाएगी। इन तीनों रामलीला की ओर से विजयदशमी पर दो अक्टूबर को इस बार रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतले खास होंगे। तीनों रामलीला आयोजकों की ओर से इस बार एक लाख 25 हजार रुपये की लागत से रावण, कुंभकरण व मेघनाद के पुतले तैयार किए गए। पुतले का निर्माण कार्य पूरा हो चुका हैं। इसके अलावा श्री आदर्श रामलीला कमेटी व श्री हनुमान रामलीला कमेटी की ओर से शोभायात्रा के दौरान करीब एक लाख 10 हजार रुपये की लागत से आतिशबाजी की जाएंगी। वहीं रामलीला परिषद की ओर से पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए आतिशबाजी नहीं की जाएगी।



महेंद्रगढ़। श्री आदर्श रामलीला में बनकर तैयार खड़े पुतले। फोटो : हरिभूमि

### रामलीला परिषद की ओर से नहीं की जाएंगी आतिशबाजी

दो अक्टूबर दशहरे के दिन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में रावण 51 फुट और मेघनाथ व कुंभकर्ण के 31-31 फुट के तीन विशालकाय पुतलों का दहन किया जाएगा। इस दशहरा उत्सव कार्यक्रम में नगर और आसपास के इलाके से हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। रामलीला प्रांगण से ऊंट, घोड़े, बग्गी, डीजे, बैंड के साथ शोभा यात्रा निकलेगी और दशहरा उत्सव मैदान पहुंचेगी। इस कार्यक्रम के लिए पंजाब से विशेष रूप से गटका टीम और आर्मी बैंड भी मंगवाया गया है। इसके अलावा पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए रामलीला आयोजक की ओर से कोई आतिशबाजी नहीं की जाएगी। इन तीनों पुतलों की कीमत करीब 50 हजार रुपये हैं।

### विजयदशमी पर निकाली जाएगी शोभायात्रा

*श्री आदर्श रामलीला की ओर से इस बार करीब 50 हजार रुपये की लागत से रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले तैयार किए गए हैं। कमेटी प्रधान एडवोकेट सुरेंद्र बंटी ने बताया विजयदशमी के अवसर पर शोभायात्रा मोहल्ला सैनीपुरा से चलकर 11 हट्टा बाजार, सब्जी मंडी रोड, शंकर मार्केट, विश्वकर्मा, आंबेडकर चौक होती हुई ऑटो मार्केट के खेल मैदान में समाप्त होगी। इसके बाद सेना की ओर से युद्ध लड़ा जाएगा। इसके बाद रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले का दहन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शोभायात्रा के दौरान करीब एक लाख रुपये की लागत से आतिशबाजी की जाएगी।*

### श्री हनुमान रामलीला के 40-40 फीट के होंगे पुतले

*श्री हनुमान रामलीला की ओर से इस बार करीब 25 हजार रुपये की लागत से रावण, कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले तैयार किए गए हैं। यह तीनों पुतले करीब 40-40 फीट हैं। रामलीला कमेटी प्रधान कमल सैनी ने बताया कि श्री हनुमान रामलीला की ओर से शोभायात्रा के दौरान करीब 10 हजार रुपये के ग्रीन पटाखे मंगवाए गए हैं। यह शोभायात्रा आंबेडकर चौक से चलकर ब्रह्मदेव चौक, सब्जी मंडी रोड, मॉडल संस्कृति स्कूल के खेल मैदान में समाप्त होगी। कार्यक्रम में मुख्यातिथि जिला भाजपा नेत्री डॉ. अर्चना ठाकुर होंगी।*

एक किलो 570 ग्राम भुक्की बरामद

# नशीले पदार्थ के साथ एक आरोपी पकड़ा

**एसपी ने अवैध नशे पर सख्त कार्रवाई करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

एसपी ने जिले के सभी थाना प्रबंधकों, सीआईए इंचार्जों को अपने-अपने क्षेत्र में अवैध नशे पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हुए हैं। जिसके तहत थाना शहर पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर महेंद्रगढ़ क्षेत्र में एक आरोपित को अवैध नशीले पदार्थ सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने जाटवास मोड पर नाकाबंदी कर ट्रक चालक उदयराज वासी सतगुरु नगर लोहोरा, लुधियाना पंजाब से एक किलो 570 ग्राम भुक्की (चूरा पोस्त) बरामद किया गया। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार बताया कि थाना शहर पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान सतनाली चौक महेंद्रगढ़ पर मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि नारनौल से महेंद्रगढ़ की तरफ आ रहे एक ट्रक में अवैध नशीला पदार्थ है।

टीम ने सूचना के आधार पर जाटवास मोड पर नाकाबंदी कर चेकिंग शुरू की, चेकिंग के दौरान ट्रक को रुकवाकर चालक से पूछताछ की गई, उसने अपना नाम उदयराज वासी सतगुरु नगर लोहोरा लुधियाना पंजाब बताया। जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से नशीले पदार्थ से भरी पॉलिथिन बरामद हुई। पॉलिथन चेक करने पर भुक्की (चुरा पोस्त) बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ थाना शहर में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया और नशीले पदार्थ को जब्त कर लिया गया।



महेंद्रगढ़। पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

# मौसम में आया बदलाव, बूंदाबांदी ने लोगों को गर्मी से दिलाई राहत

**तापमान में गिरावट आने से मौसम बनेगा फसलों के लिए अनुकूल**

- मौसम विभाग का पूर्वानुमान: चार से सात अक्टूबर तक बारिश की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

मौसम में आए बदलाव से एक तरफ जहां तापमान में गिरावट आई, वहीं दूसरी तरफ मंगलवार को हुई हल्की बूंदाबांदी से रबी की फसल बुआई में किसानों को फायदा होगा। बूंदाबांदी के चलते तापमान में गिरावट आने से मौसम सुहावना हो गया। बता दें कि गत कुछ दिनों से दिन के तापमान में वृद्धि होने से लोग गर्मी से परेशान थे। वहीं गत दो दिन से लोगों का गर्मी से बुरा हाल कर रखा था, लेकिन मंगलवार को आए मौसम में बदलाव ने एक ओर जहां गर्मी से राहत मिली, वहीं दूसरी ओर बूंदाबांदी से मौसम रबी फसलों के लिए अनुकूल बनेगा। जिससे किसानों को फायदा होगा। जिले में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन और रात के तापमान क्रमशः 33.5, 24.2 डिग्री सेल्सियस तथा 32.5, 26.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बता दें कि भारतीय मौसम विभाग की ओर से मानसून की आधिकारिक रूप की विदाई हो चुकी है, लेकिन बंगाल की खाड़ी व अरब सागर में लगातार हलचलें जारी है, साथ ही उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर भी पश्चिमी मौसम प्रणालियां सक्रिय हो रही है। जिनकी वजह से जिले के साथ हरियाणा एनसीआर दिल्ली में मौसम में बदलाव भी देखने को मिल रहा है। मंगलवार को हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन के तापमान में गिरावट, जबकि रात्रि तापमान में हल्की बढ़त हुई है। वहीं जिला महेंद्रगढ़ में सुबह से बादलों की आवाजाही के बीच नारनौल, कनीना, अटेली, नांगल चौधरी, सतनाली में बिखराव वाली बारिश तथा बूंदाबांदी हुई।



महेंद्रगढ़। आसमान में छाए बादल। फोटो : हरिभूमि

### किसानों के लिए सुझाव

*अगर किसान रबी फसल बिजाई के लिए पलाव करने के सोच रहे है, तो वे थोड़ा इंतजार करें, क्योंकि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आगामी दिनों में बारिश की संभावना है। इसलिए किसानों को सलाह दी जाती है कि वे अभी रबी फसल बिजाई के लिए पलाव (खेत में सिंचाई) न करें। मौसम विभाग के अनुसार चार से आठ अक्टूबर के दौरान बारिश की संभावना है, जिससे रबी फसल के लिए अनुकूल मौसम बनेगा।*

### क्या कहते है मौसम विशेषज्ञ

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चन्द्र मोहन ने बताया कि चार अक्टूबर को नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने व बंगाल की खाड़ी से लगातार नमी वाली हवाएं चलने से पश्चिमी मौसम प्रणाली और दक्षिणी पूर्वी नमी वाली हवाएं के टकराव से हरियाणा एनसीआर में चार से आठ अक्टूबर के दौरान मौसम में बदलाव, हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। इसके बाद जैसे ही मौसम प्रणाली आगे निकल जाएगी, हवाओं की दिशा उत्तरी होने से सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में दिन व रात के तापमान में गिरावट देखने को मिलेगी। जिससे आमजन को मीठी ठंड का अहसास होना शुरू हो जाएगा।

### सीएचसी दोचाना में आज लगेगा मेगा स्वास्थ्य शिविर

**नारनौल।** वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंजली सैनी ने सीएचसी दोचाना में अधीनस्थ सभी चिकित्सा अधिकारियों, प्रभारी, सीएचओ, एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू (पुरुष) एवं आशा कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक आयोजित की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि एक अक्टूबर को सीएचसी दोचाना में आयोजित होने वाले "सुरक्षित नारी-सशक्त परिवार अभियान" के मेगा स्वास्थ्य शिविर में अधिक से अधिक लोगों की स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित की जाए। बैठक में स्टाफ की ड्यूटी का स्पष्ट विभाजन किया गया, ताकि शिविर में आने वाले किसी भी लाभार्थी को असुविधा न हो। इस शिविर की विशेषता यह होगी कि हर प्रमुख बीमारी के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क जांच एवं परामर्श दिया जाएगा। 45 साल से ज्यादा उम्र के लोगों को जिनको नजदीक का दिखने में समस्या है, उनकी आंखों की जांच करके तुरंत चश्मे भी वितरित किए जाएंगे। डॉ. अंजली सैनी ने कहा कि "स्वस्थ नारी ही सशक्त परिवार की नींव है।



### गाय की सेवा पुण्य का कार्यः डॉ. अरविंद शर्मा

**कनीना।** गाय की सेवा पढ़ने का कार्य है। बड़े पुण्य का कार्य है। हमें गाय की सेवा के लिए अवश्य समय निकालना चाहिए। यह बात पर्यटन मंत्री डॉ अरविंद शर्मा ने शनिवार को महंत लक्ष्मण गिरि गौशाला बुचावास के दौरा करने के दौरान कहीं। उन्होंने गायों को गुड खिलाया तथा गौशाला की साफ-साफ सफाई पर खुशी जाहिर की। गौशाला संचालक महंत विट्ठल गिरी महाराज ने अंग वस्त्र भेंट कर मंत्री का सम्मान किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, नगर परिषद अध्यक्ष कमलेश सैनी, कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, भाजपा प्रवक्ता राकेश शर्मा, कनीना थाना अध्यक्ष सज्जन वशिष्ठ, भाजपा कर्मचारी प्रकोष्ठ के सुरेश वशिष्ठ, एडवोकेट जितेंद्र शर्मा, बुद्धि प्रकाश शर्मा, नवीन शर्मा, सतवीर जांगड़ा, रवि छाबड़ा, वीरेंद्र दीक्षित आदि उपस्थित थे।

**नपा चेयरमैन बोले... त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर में तीन-चार अस्थाई पार्किंग बनाने की योजना**

पार्किंग के अभाव में सिनेमा रोड, सब्जी मंडी, आईटीआई, रेलवे, गोशाला रोड, मसानी व परशुराम चौक पर दिनभर बनी रहती है जाम की स्थिति

# भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक नहीं बाजार में बनी जाम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नवरात्र शुरू होने के साथ ही शहर के प्रमुख बाजारों में भीड़ उमड़ने लगी है। शहर में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक नहीं लगाए जाने से दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। नगर पालिका की ओर से भीड़ से निपटने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। शहर में न तो पार्किंग की व्यवस्था है और न ही भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई गई है। ऐसे में दिनभर मुख्य बाजारों में जाम की स्थिति बनी रहती है। वहीं शहर के मुख्य बाजारों व सड़कों पर प्रतिदिन खड़े रहने वाले करीब 10 हजार वाहनों ने समस्या को और अधिक बढ़ा दिया है। शहर में एक भी पार्किंग नहीं होने से बाजारों में भीड़ और अधिक बढ़ जाती है।





महेंद्रगढ़। बाजार में सड़क पर खड़े वाहन। फोटो : हरिभूमि

### इन स्थानों पर दिनभर रहता है जाम

शहर के सिनेमा रोड, सब्जी मंडी रोड, आईटीआई रोड, रेलवे रोड, गोशाला रोड, मसानी चौक, परशुराम चौक पर दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक नहीं होने के कारण तंग सड़कों पर जाम लगा रहता है। नगर पालिका की ओर से आठ बार अस्थायी पार्किंग शुरू करने की योजना तैयार की गई, लेकिन पार्किंग नहीं बनाई जा सकी। पार्किंग के अभाव में शहर के मुख्य बाजारों में दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है।

### अतिक्रमण से भी होती है जाम की समास्या

शहर में रेलवे रोड, आईटीआई रोड व सिनेमा रोड हो या फिर बाजार, हर जगह अतिक्रमण से जाम की समस्या है। दुकानदार सामान को दुकान के कई फुट बाहर तक लगा लेते हैं। इसके बाद जब ग्राहक दुकान पर खड़ा होता है, वह भी स्थान घेरता है। मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण के चलते सड़क काफी संकरी हो जाती है। ऐसे में राहगीरों व वाहनों के निकलने को स्थान नहीं मिलता और जाम के हालात बन जाते हैं। शहर के सब्जी मंडी रोड व शॉपिंग कॉम्पलैक्स में अतिक्रमण की भरमार है। ऐसे में यहां राहगीरों को चलने के लिए भी रास्ता नहीं मिल पाता। कई बार अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाए गए। अभियान के दौरान तो अतिक्रमण हट जाता है, लेकिन अभियान थमते ही फिर से अतिक्रमणकारियों का कब्जा हो जाता है। शहर में सिनेमा रोड, रेलवे रोड, 11 हट्टा बाजार, सब्जी मंडी रोड, आईटीआई रोड, सर्राफा बाजार, माता मसानी चौक सहित अन्य स्थानों पर भी यही स्थिति रहती है।

### यहां होनी थी पार्किंग की व्यवस्था

नपा की ओर से शहर बालाजी चौक, नगर पालिका कार्यालय के सामने, पुराने किले के पीछे, भगवान परशुराम चौक पर बड़ा बाजार, चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क के पास खाली जगह, ऑटो मार्केट के पीछे आदि स्थानों पर पार्किंग बनाने का विचार किया गया था। इसके लिए नपा की हर बैठक में प्रस्ताव पास किया जा चुका है, लेकिन जिम्मेदार अभी तक धरातल पर नहीं उतार पाए है।

### शहर में अस्थाई पार्किंग बनाने की योजना


*त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए शहर में तीन-चार अस्थायी पार्किंग बनाने की योजना है। बाजार में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाई जाएगी। मुख्य चौक-चौराहों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती कराई जाएगी।*

*-रमेश सैनी, चेयरमैन नगर पालिका महेंद्रगढ़*



# महाकाली से सामने आया अक्षय का फर्स्ट लुक

**मुंबई।** हनुमान फिल्म के निर्देशक प्रशांत वर्मा एक बार फिर पौराणिक कथाओं पर आधारित एक नई फिल्म लेकर आ रहे हैं। फिल्म का नाम है महाकाली। अब फिल्म महाकाली से अभिनेता अक्षय खन्ना का फर्स्ट लुक सामने आया है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय खन्ना काफी खतरनाक अंदाज में नजर आ रहे हैं। पोस्टर में उनके चारों ओर अंधेरा है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय सफेद रंग के बड़े बालों और बड़ी दाढ़ी में नजर आ रहे हैं। उनके सिर पर ऋषियों की तरह जूड़ा भी बंधा हुआ है। उनकी एक आंख पूरी तरह से सफेद नजर आ रही है। शुक्राचार्य के लुक में अक्षय को पहचानना पूरी तरह से मुश्किल लग रहा है।



लाइफ Style

# हुमा
## अरेंज मैरिज और प्यार के बीच फंसी

एजेंसी ⏭ मुंबई

हुमा कुरैशी, श्रेयस तलपड़े और सनी सिंह की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म सिंगल सलमा का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। शादी को केंद्र में रखते हुए सिंगल सलमा एक ट्रैंगल कॉमेडी-ड्रामा फिल्म है। ट्रेलर में भरपूर कॉमेडी और ड्रामा देखने को मिल रहा है।

2 मिनट 16 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक वॉइस ओवर और लखनऊ के रूमी दरवाजा के साथ होती है। इस वॉइस ओवर में कहा जाता है, 'हिंदुस्तान में कॅरियर और सक्सेस चाहे जितना कमा लीजिए, असली प्रमोशन सिर्फ एक चीज में है अब शादी कर लो।' इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है कुंवारी सलमा यानी हुमा कुरैशी की। फिर शुरू होता है सलमा की शादी कराने का प्रयास। एक-एक करके किरदार और कैंडिडेट आते जाते हैं। इसी दौरान ट्रेलर में कॉमेडी होती रहती है। इसके बाद ट्रेलर में एंट्री होती है श्रेयस तलपड़े की, जो एक सीधे-सादे सलमा की ही उम्र के व्यक्ति बने हैं। जबकि दूसरी ओर हैं सनी सिंह, जो आजकल के जमाने के क्लब जाने वाले व्यक्ति हैं। इसके बाद सलमा, सिकंदर (श्रेयस तलपड़े) से अरेंज मैरिज करना चाहती है। लेकिन तभी उसका दिल मीत (सनी सिंह) के लिए भी धड़कने लगता है। बस यहीं से शुरु होता है सलमा की जिंदगी में कन्फ्यूजन। अब वो लखनऊ के रहने वाले सिकंदर से शादी करेगी या लंदन के रहने वाले मीत से, यह फिल्म देखने के बाद ही पता चलेगा। ट्रेलर में लखनऊ की झलक देखने को मिली है, जिससे पता चलता है कि फिल्म में भी लखनऊ भरपूर देखने को मिलेगा। ट्रेलर में कई जगह डबल मीनिंग जोक भी हैं।

हॉलीवुड मसाला



# टूट गई निकोल की दूसरी शादी

**लॉस एंजिल्स।** टॉम क्रूज की एक्स वाइफ निकोल किडमैन पर्सनल लाइफ के कारण चर्चा में हैं। उन्होंने साल 2006 में कीथ अर्बन से शादी की थी। इनके दो बच्चे हैं। पर शादी के 19 साल बाद इनका रिश्ता टूट गया है। दोनों सेपरेट हो गए हैं। निकोल इस शादी को बचाना चाहती थीं। पर लाख चाहने के बावजूद ये रिश्ता टूट गया। ऑस्कर विनर एक्ट्रेस निकोल और कंट्री म्यूजिक स्टार कीथ ने महीनों की अटकलों के बाद अलग होने का फैसला किया है।



# ब्रिजर्टन 4 का पहला पोस्टर हुआ जारी

**लॉस एंजिल्स।** स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पहला पोस्टर शेयर किया गया है। साथ ही यह सीरीज कब दर्शकों को देखने को मिलेगी, इस बात से भी पर्दा उठ गया है। जानिए, 'ब्रिजर्टन 4' से जुड़ा यह नया अपडेट। नेटफ्लिक्स के इंस्टाग्राम हैंडल पर 'ब्रिजर्टन 4' का पोस्टर शेयर किया गया है। जिसमें एक लड़की मास्क हाथ में लिए खड़ी है। उसका चेहरा पूरा नजर नहीं आया है। इस पोस्टर के साथ कैप्शन लिखा गया है, 'तैयार हो जाइए, क्योंकि कुछ भी हो सकता है।' 'ब्रिजर्टन सीजन 4' 2026 में शुरू होगा। 'ब्रिजर्टन वेब सीरीज राइटर जूलिया क्विन की बुक्स पर बेस्ड है। इसके अब तक तीन सीजन आ चुके हैं। एक सीजन में एक्ट्रेस सिमोन एश्ले भी नजर आईं। यह सीरीज एक ब्रिटिश राज परिवार के बारे में है।



# बेटी के साथ दुर्गा पंडाल में हुईं शामिल


**मुंबई।** दुर्गा अष्टमी के दिन अभिनेत्री बिपाशा बसु ने दुर्गा पूजा पंडाल में अपनी बेटी देवी और पति करण सिंह ग्रोवर के साथ जाकर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। सोशल मीडिया हैंडल पर दुर्गा पांडाल के कई वीडियो सामने आ रहे हैं, जिनमें से एक एक वीडियो बिपाशा बसु और उनकी बेटी देवी का है। नॉर्थ बॉम्बे सर्बोजनीन दुर्गा पूजा पंडाल में बिपाशा अपने पति करण सिंह ग्रोवर और बेटी देवी के साथ दिखीं। इस दौरान बिपाशा ने पैपराजी को जमकर पोज दिए। इसके साथ ही बिपाशा ने वहां पर मौजूद सभी लोगों को शुभो अष्टमी की शुभकामनाएं दीं और सभी का शुक्रिया अदा किया। दुर्गा अष्टमी के दिन बिपाशा ने नारंगी और लाल रंगी की साड़ी, लंबे झुमके, स्लीक बन और लाल लिपस्टिक में खूबसूरत लुक अपनाया।



# काजोल-ट्विंकल के शो में पहुंची आलिया

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो 'टू मच' की शुरुआत हो चुकी है। इसमें कई सितारे मेहमान बनकर पहुंच रहे हैं। अब शो में वरुण धवन और आलिया भट्ट पहुंचने वाले हैं। इस दौरान अभिनेता ने कुछ मजेदार बातें की है। काजोल और ट्विंकल के आगामी एपिसोड में वरुण धवन और आलिया भट्ट नजर आएंगे, जिसका एक प्रोमो वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो की शुरुआत में वरुण धवन ने अपनी फिल्म 'मैं तेरा हीरो' का डायलॉग बोला। उन्होंने कहा, 'मैं दिखता हूं स्वीट एंड इनोसेंश स्वामी टाइप का, लेकिन मैं हूं बड़ा अजीब टाइप का।' इसके आगे आलिया को किसी बात पर जोर से हंसते हुए देखा जाता है। आगे प्रोमो में वो कहते हैं, एक फिल्म है, जिसे मैंने जब देखा तो पसंद नहीं आई थी।

टीवी मसाला



# राइज एंड फॉल' में मनीषा रानी की वाइल्डकार्ड एंट्री

**नई दिल्ली।** ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर के शो 'राइज एंड फॉल' इन दिनों फिर से चर्चा मे है, क्योंकि मनीषा रानी ने वाइल्डकार्ड एंट्री की है। उनकी मजेदार वन-लाइनर्स, 'धनपवन साड़ी सेंटर' वाला किस्सा और फॉरेन इंग्लिश का मजाक सबको खूब भाया। ओटीटी पर अशनीर ग्रोवर का रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' लगाता सुर्खियों में बना हुआ है। एक ओर जहां धनश्री वर्मा के खुलासों की लगातार चर्चा हो रही है, वहीं एक सच्चाई यह भी है कि भोजपुरी सुपरस्टार पवन सिंह के जाने के बाद से शो की व्यूअरशिप कम हो रही है। अब इस शो में सबकी धड़कनें बढ़ाने वाइल्डकार्ड एंट्री हुई है मनीषा रानी की। 'बिग बॉस ओटीटी 2' में अपनी बातों, अदाओं और तेज दिमाग से धूम मचाने वाली मनीषा के आने से 'राइज एंड फॉल' में सनसनी मचने वाली है। मनीषा रानी ने शो में धमाकेदार एंट्री करते ही 6 लाख रुपए जीतने का मौका पाया और अपने आपको बेसमेंट फॉल से बचाया है। यही नहीं, उन्हें शो में एक कंटेस्टेंट को एलिमेशन के लिए नॉमिनेट करने और एक को एलिवेट करने का भी मौका मिला। मनीषा ने जहां बाली को शो से एविक्ट करने के लिए नॉमिनेट किया है, वहीं आरुष भोला एलिवेट करने का काम किया। इसके साथ ही धनश्री वर्मा को फॉल फेस करने के लिए भेजा। इसमें कोई दोराय नहीं है कि मनीषा के आने से गेम का रोमांच बढ़ गया है।

## तान्या ने बीच में छोड़ी पढ़ाई

**नई दिल्ली।** रिएलिटी शो 'बिग बॉस' का 19वां सीजन लगातार बज में बना हुआ है। इसके कंटेस्टेंट्स आए दिन सुर्खियां बटोर रहे हैं। ग्वालियर के विद्या पब्लिक स्कूल से ग्रेजुएशन करने के बाद तान्या आर्किटेक्चर की



पढ़ाई करने के लिए चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी गईं। लेकिन, अपने बिजनेस गोल्स पर फोकस करने के लिए उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी थी। 26 साल की तान्या के इंस्टाग्राम पर 2.5 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। डब्बू मलिक और ज्योति मलिक के बेटे अमाल मलिक कम उम्र से ही म्यूजिक की दुनिया में हैं। सफलता पाने के बाद भी उन्होंने पढ़ाई पूरी की। उन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में बताया था कि उनकी मां टीचर हैं और उन्होंने साफ कहा था कि कॅरियर के साथ-साथ पढ़ाई भी करनी है, क्योंकि वो बहुत जरूरी है। उन्होंने जमनाबाई नरसी स्कूल से पढ़ाई की और मुंबई के एनएम कॉलेज से कॉमर्स में बैचलर डिग्री हासिल की। कानपुर में जन्में गौरव खन्ना ने एक्टिंग की दुनिया में आने से पहले करीब एक साल तक आईटी फर्म में मार्केटिंग मैनेजर के तौर पर काम किया था।

# सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी से कम किए गए किसिंग सीन...


*फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' इन दिनों चर्चा में है। जल्द ही यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। वरुण धवन, जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ अभिनीत रोमांटिक कॉमेडी फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) से यू/ए 13+ सर्टिफिकेट मिला है।*

**मुंबई।** बोर्ड की तरफ से फिल्म में मामूली संपादन की सिफारिश के बाद इसे रिलीज की इजाजत मिली है। सेंसर बोर्ड को फिल्म को मंजूरी देने से पहले दो बड़े बदलावों की जरूरत थी। पहला, 'गार्ड' शब्द को म्यूट करना, जिसका इस्तेमाल उस सीन में किया गया है जहां वरुण धवन का किरदार एक गाली को छिपाने की कोशिश करता है।



दूसरा, किसिंग सीन को लगभग 60 प्रतिशत कम करना था। इन संपादनों के बाद, फिल्म को आखिरी मंजूरी मिल गई। सेंसर सर्टिफिकेट में फिल्म की अवधि 135 मिनट 45 सेकंड या 2 घंटे 15 मिनट 45 सेकंड बताई गई है। शशांक खेतान द्वारा निर्देशित इस फिल्म में वरुण धवन के साथ जान्हवी कपूर, सान्या मल्होत्रा, रोहित सराफ, मनीष पॉल, अक्षय ओबेरॉय और अभिनव शर्मा हैं। फिल्म की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है। यह फिल्म धर्मा प्रोडक्शंस और मेंटर डिसाइपल एंटरटेनमेंट द्वारा बनाई गई है। शशांक खेतान के निर्देशन में बनी यह फिल्म 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। सिनेमाघरों में यह फिल्म ऋषभ शेट्टी की 'कंतारा चैप्टर 1' से टकराएगी। वरुण धवन और जान्हवी कपूर इस फिल्म का खूब प्रचार कर रहे हैं। हाल ही में उन्होंने भोजपुरी स्टार खेसारी लाल यादव के साथ डांस करते हुए फिल्म का प्रमोशन किया था। आपको बता दें कि वरुण धवन जल्द ही फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं।

# ऐश्वर्या संग पोज देकर खुशी से झूमीं सिमोन



**पेरिस।** सोमवार को ब्रिटिश सीरीज ब्रिजर्टन की एक्ट्रेस सिमोन एश्ले ने अपने इंस्टाग्राम पर ऐश्वर्या राय के साथ एक फोटो शेयर कीं। सिमोन और ऐश्वर्या के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हैं। ऐश्वर्या बहुत प्यार से सिमोन के साथ गपशप कर रही हैं। अपना मेकअप छोड़कर ऐश्वर्या ने सिमोन के साथ सेल्फी ली। सिमोन एश्ले ने ऐश्वर्या राय के साथ क्लिक की गई सेल्फी को अपने इंस्टाग्राम के स्टोरी सेक्शन में पोस्ट किया है। साथ ही इस फोटो को ऐश्वर्या राय को भी टैग किया है। साथ ही फोटो पर एक हार्ट इमोजी भी बनाया है। यह फोटो सोशल मीडिया पर भी काफी वायरल है।

## आईएमडीबी ने जारी की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट

# बीते 25 साल में इन 25 फिल्मों ने जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** आईएमबीडी ने वैसी फिल्मों की लिस्ट जारी ही है जो पिछले 25 सालों की सबसे अधिक पॉप्युलर रहीं। इस डेटासेट में जहां शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। द इंटरनेट मूवी डेटाबेस ने पिछले 25 साल की सबसे अधिक पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में साल 2000 के बाद से रिलीज हुई कई शानदार फिल्मों के नाम शामिल हैं। आईएमबीडी की लिस्ट में 2000 से 2025 के बीच में सबसे ज्यादा सर्च की गईं फिल्में और सितारों के नाम भी शामिल हैं और इन्हें ऑल टाइम पेज व्यूज के आधार पर रैंक किया गया है। ये रिपोर्ट 130 फिल्मों पर बेस्ड है। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2000 से 2025 के बीच अब तक की सबसे ज्यादा पॉप्युलर फिल्मों की लिस्ट जारी की गई है। वहीं, इस लिस्ट में हालिया रिलीज फिल्म 2025 की 'सैयारा' पहले नंबर पर मौजूद है। सैयारा ने विक्की कौशल की छावा को भी पीछे छोड़ दिया है जो दूसरे नंबर पर है। 2025 की लिस्ट में तीसरे नंबर पर महावतार नरसिम्हा, चौथे नंबर पर ड्रैगन और पांचवें नंबर पर कुली है।





### इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में

आईएमबीडी की 130 फिल्मों पर बेस्ड इस इस डेटासेट में हर साल की 5 फिल्में हैं। साल 2000 से 2005 तक की सभी टॉप फिल्मों में शाहरुख खान लीड रोल में थे, एसएस राजामौली की दो 'बाहुबली' फिल्मों के बाद के वर्षों में हिंदी स्पीकिंग रीजन से बाहर के टाइटल में काफी तेजी देखी गई।

### शाहरुख की कमबैक को रणबीर ने दी मात

ये तो साफ है कि शाहरुख खान लंबे समय से दर्शकों के पसंदीदा हीरो रहे हैं। पिछले 25 वर्षों के आधार पर बनी इस लिस्ट में टॉप पर रहने वाली सात फिल्में हैं। दिलचस्प बात ये है कि उनकी 2023 की सभी कमबैक हिट फिल्मों को रणबीर कपूर की 'एनिमल' ने पछाड़ दिया।

### आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में

वहीं, पूरे 130 फिल्मों के डेटासेट में, शाहरुख की 20 फिल्में हैं, उसके बाद आमिर खान और ऋतिक रोशन की 11-11 फिल्में। दीपिका पादुकोण 130 फिल्मों के डेटासेट में 10 फिल्मों के साथ सबसे लोकप्रिय फीमेल स्टार रहीं। 25 साल की के दौरान आखिरी सालों में दुनिया भर में अच्छा प्रदर्शन करने वाली फिल्मों में तेजी नजर आई।

### एनालिसिस के आधार पर ये फिल्में सबसे अधिक पॉप्युलर

| | |
|---|---|
| 2000 - मोहब्बतें | 2013 - द लंचबॉक्स |
| 2001 - कभी खुशी कभी गम | 2014 - पीके |
| 2002 - देवदास | 2015 - बाहुबली: द बिगिनिंग |
| 2003 - कल हो ना हो | 2016 - दंगल |
| 2004 - वीर-जारा | 2017 - बाहुबली 2: द कन्क्लूजन |
| 2005 - ब्लैक | 2018 - केजीएफ: चैप्टर 1 |
| 2006 - धूम 2 | 2019 - उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक |
| 2007 - तारे जमीन पर | 2020 - दिल बेचारा |
| 2008 - रब ने बना दी जोड़ी | 2021 - पुष्पा: द राइज |
| 2009 - 3 इडियट्स | 2022 – केजीएफ: चैप्टर 2 |
| 2010 - माई नेम इज खान | 2023 – एनिमल |
| 2011 - जिंदगी ना मिलेगी दोबारा | 2024 – पुष्पा 2: द रूल |
| 2012 - गैंग्स ऑफ वासेपुर | 2025 – सैयारा |

### वो फिल्में जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही

आईएमडीबी ने उन भारतीय फिल्मों की भी लिस्ट तैयार की है जो लंबे समय तक ऑडियंस से कनेक्ट रही है। इनमें वो फिल्में हैं जिनमें रिलीज़ के कई सालों बाद भी दर्शकों की दिलचस्पी में इजाफा देखने को मिली। इन फिल्मों में विरुमंदी (2004), बैंगलोर डेज़ (2014), मसान (2015), प्रेमम (2015), बरेली की बर्फी (2017) और रत्सासन (2018) शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### हकेवि में दो दिवसीय कार्यशाला का समापन

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के पोषण जीवविज्ञान विभाग की ओर से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के एसएचआरआई सेल द्वारा प्रायोजित परियोजना मिलेट आधारित खाद्य उत्पादों का विकास: अनुकूलन, लक्षण निर्धारण व सत्यापन के अंतर्गत मिलेट्स (मोटा अनाज) व उनके उत्पादों के पोषक तत्व आकलन तथा औषधीय गुणों पर केंद्रित दो दिवसीय कार्यशाला का मंगलवार को समापन हो गया। राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य जनमानस की पोषण की स्थिति में सुधार लाना था।

### विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर जताया शोक

**महेंद्रगढ़।** हरियाणा भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व शिक्षामंत्री प्रो. रामबिलास शर्मा ने भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि विजय कुमार मल्होत्रा दिल्ली जनसंघ के पहले अध्यक्ष रहे और दिल्ली सरकार के गठन से पूर्व वे पहले महानगर पार्षद भी रहे। दिल्ली के विकास में उनका योगदान अविस्मरणीय है। दिल्ली की हर ईंट में उनके परिश्रम और समर्पण की झलक दिखाई देती है। प्रो. शर्मा ने कहा कि विजय कुमार मल्होत्रा ने भाजपा संगठन को मजबूत बनाने और उसका लालन पालन करने में अपना पूरा जीवन समर्पित किया।

### ट्रस्ट प्रधान ने सभी अतिथिगणों को पटका व माला पहनाकर सम्मानित किया

# श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाड़ा में लंका दहन की लीला का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

श्री धार्मिक रामलीला ट्रस्ट चांदुवाड़ा में सोमवार रात्रि अशोक वाटिका व लंका दहन की लीला का मंचन कलाकारों द्वारा मनोज वर्मा के कुशल निर्देशन में किया गया। रामलीला प्रधान नरेंद्र जैन ने बताया कि दीपक हरित ने राम, अनिल चौहान ने लक्ष्मण, राजेश सोनी ने सीता, तरुण सोनी ने हनुमान, मोहित सोनी ने सुग्रीव, फौजदार ने जामवंत, भोली ने नल, हरिचरण शर्मा ने नील, विशाल हरित ने रावण, रोहित वालिया ने मेघनाथ, शुभम वर्मा ने अक्षय कुमार, विकास चौहान ने मंदोदरी, सत्यम वर्मा ने विभीषण व नरेश बादल ने माली के किरदारों में अपने जीवंत अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि एएसडीओ संजय सिंघल व रजत चौधरी रहे तथा अध्यक्षता गौरव अग्रवाल ने की। रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान विनोद चौधरी, गोपाल मित्तल, बजरंग अग्रवाल, संदीप नूनीवाला, ईडी एसएचओ दीपक सिंघल, महावीर अग्रवाल, रानी जैन, पूर्व प्रधान अग्रवाल सभा रमेश गर्ग, आत्मप्रकाश गुप्ता, मोहन अग्रवाल, पवन गर्ग, सीताराम यादव, रोहताश सैनी, सुदर्शन बंसल, सुमित अग्रवाल, घनश्याम गर्ग विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ट्रस्ट प्रधान संजय गर्ग ने कार्यकारिणी के साथ सभी अतिथिगणों को पटका व माला पहनाकर सम्मानित किया। इस मौके पर रामलीला सदस्य विनोद सर्राफ, शिम्भुदयाल गर्ग, संजय गर्ग, जगदीश भारद्वाज, राजेंद्र शर्मा, विष्णु शर्मा, बलवान सैनी, दिनेश भार्गव, सुभाष कौशिक, सोमदेव जांगिड़, विनोद सर्राफ, हिमांशु भारद्वाज, धर्मेश जोशी एडवोकेट, मुकेश वालिया व चिराग आदि उपस्थित रहे।


नारनौल। रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि


मंडी अटेली। रामलीला में युद्ध करते बाली-सुग्रीव। फोटो : हरिभूमि

### अटेली रामलीला में श्रीराम ने किया बाली का वध

**मंडी अटेली।** अटेली के झंडा चौक पर श्री शिव रामलीला समिति के नेतृत्व में चल रही रामलीला में मुख्य अतिथि प्रवीण चौधरी एवं संचालक रवि जांगिड़ द्वारा शुभारंभ किया गया। रामलीला में श्रीराम द्वारा बाली का वध एवं सीताजी की खोज करते हुए हनुमान जी के लंका पहुंचने, अशोक वाटिका में सीताजी से मुलाकात के बाद अक्षय कुमार का अंत करने, मेघनाद द्वारा हनुमान जी को पकड़कर रावण के दरबार में ले जाने और रावण द्वारा पूंछ में आग लगाने उपरांत लंका का दहन करने की लीला का मंचन किया गया। विभीषण श्रीराम की शरण में पहुंचते हैं और समुद्र पर सेतु बंधन की लीला होती है। पुल बनने से पूर्व भगवान श्रीराम, समुद्र किनारे भगवान शिव की स्थापना करते हैं। वानर सेना के पुल पार कर लंका पहुंचने और अंगद द्वारा रावण के दरबार में पैर जमाने की लीला का मंचन किया गया। इस मौके पर यशदीप चौधरी, हरमन सरदार, गौ भक्त बिल्लू व अनुराग ने रामलीला में अपना किरदार निभाया।


नारनौल। रामलीला का मंचन करते कलाकार। फोटो : हरिभूमि

### विभीषण शरणागति व अंगद-रावण संवाद की लीला का मंचन

**नारनौल।** शहर की अनाज मंडी स्थित श्री कृष्णा ड्रैमेटिकल क्लब के मंच पर भगवान नारायण सेवा संस्था ओर से चल रही भगवान राम की लीला का मंचन के ग्यारहवें दिन विभीषण शरणागत व अंगद-रावण संवाद की लीला का मंचन किया। मंच संचालक भारत भूषण तायल ने किया। रामलीला के प्रभारी दयानंद सैनी मंत्री ने बताया कि रामलीला का शुभारंभ एसएचओ दीपक सिंघल, संदीप नूनीवाल, दिनेश भार्गव, शंकरलाल सोनी ने गणेश पूजन के साथ रामलीला का शुभारंभ किया। प्रवक्ता सुरेन्द्र जैन ने बताया कि रामलीला में माता सीता की खोज करके वापस लौटते हैं। वापस आने की सूचना वानर राज सुग्रीव को देने के बाद वानर सेना के साथ राम के पास पहुंचते है तथा विस्तार से माता सीता की ओर से कहे गए कथन तथा पूरे प्रसंग का वर्णन करते हैं। दरबार में रावण का भाई विभीषण भी मौजूद है। विभीषण के राम भक्ति से नाराज रावण उनको देश निकाला का फरमान सुनाता है। इधर वानर सेना व अन्य मिलकर समुद्र पर पत्थर का पुल बनाते है तथा सभी लंका पहुंच जाते हैं।

### लंका दहन का भव्य मंचन

**महेंद्रगढ़।** श्रीहनुमान रामलीला कमेटी के तत्वावधान में आयोजित रामलीला में सोमवार रात्रि को लंका दहन की लीला का अत्यंत सुंदर और भव्य मंचन किया गया। यह दृश्य दर्शकों के लिए रोमांचक और यादगार रहा। लीला के दौरान वीर हनुमान जी के पराक्रम को बखूबी दर्शाया गया। इस महत्वपूर्ण मंचन में कलाकारों ने अपने अभिनय से सभी का दिल जीत लिया। राम की भूमिका रविन्द्र गौरा, लक्ष्मण की शिवा सैनी, सीता की भूमिका नैतिक तनेजा ने निभाई। वहीं हनुमान के सशक्त किरदार में कमल सैनी, रावण के रूप में होशियार सैनी, बाली के रूप में प्रथम भारद्वाज, सुग्रीव के रूप में सोनू का अभिनय सराहनीय रहा। इस अवसर पर भाजपा पार्षद देवेंद्र सैनी मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में उपस्थित लोगों को भगवान रामचंद्र के दिखाए मार्ग पर चलने और उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कमेटी के सदस्यों के इस बेहतरीन आयोजन की खुलकर सराहना की तथा ऐसे धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों को समाज के लिए महत्वपूर्ण बताया। कमेटी के सदस्यों ने मुख्य अतिथि का आभार व्यक्त किया।

## सूरज स्कूल में बेसिक प्राथमिक सहायता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित


नारनौल। सूरज स्कूल में बेसिक प्राथमिक सहायता के बारे में जागरूक करते हुए।

**नारनौल।** उपायुक्त एवं जिला रेडक्रॉस समिति की ओर से चलाए जा रहे एक दिवसीय बेसिक प्राथमिक सहायता जागरूकता कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सूरज स्कूल में बेसिक प्राथमिक सहायता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रेडक्रॉस सोसायटी की टीम ने विद्यार्थियों व शिक्षकों को सीपीआर तथा प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया गया। प्रवक्ता पवित्रा यादव ने विद्यार्थियों को प्राथमिक सहायता की जानकारी देते हुए बताया कि किसी व्यक्ति की अचानक दुर्घटना होने पर किस प्रकार उपलब्ध साधनों से प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल पहुंचाया जाता है। टीम ने छात्रों को सीपीआर की 30:2 तकनीक 30 बार सीने पर दबाव व दो बार कृत्रिम श्वसन का अभ्यास कराया और समझाया कि शुरूआती चार पांच मिनट में सही तरीके से सीपीआर करने पर किसी की जान बचाई जा सकती है। रेडक्रॉस सोसायटी टीम में टेकचंद यादव, विजय यादव, सत्यवीर सिंह ने छात्रों को आपातकालीन परिस्थितियों में शांत रहकर सही कदम उठाने की महत्ता बताई और उन्हें विभिन्न स्थितियों जैसे बेहोशी, दम घुटना, चोट लगना आदि में प्राथमिक उपचार करने के तरीके सिखाए तथा आपातकालीन स्थितियों में 108 या 112 पर कॉल करने की सलाह दी। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर संदीप प्रसाद ने कहा कि विद्यार्थियों को जीवन रक्षक तकनीकों का ज्ञान होना समय की मांग है।

# एसएन बोस टीम का रहा दबदबा

### आरपीएस विद्यालय के शैक्षणिक प्रांगण में साइंस क्विज प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

आरपीएस विद्यालय के शैक्षणिक प्रांगण में सीनियर विंग के विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक साइंस क्विज प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों ने इस बौद्धिक महाकुंभ में बढ़–चढ़कर भाग लिया, जिससे विद्यालय परिसर में उत्साह और प्रतिस्पर्धा का माहौल बन गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण त्वरित निर्णय क्षमता, और टीमवर्क की भावना को बढ़ावा देना था।

प्रतियोगिता का शुभारंभ अत्यंत गरिमामय ढंग से हुआ। मुख्यातिथि आरपीएस ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। डॉ. राव ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज का युग विज्ञान और प्रौद्योगिकी का है। इस तरह की प्रतियोगिताएं न केवल आपके ज्ञान का परीक्षण करती हैं, बल्कि आपको भविष्य के नवाचारों के लिए तैयार भी करती हैं।

ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव व डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि विज्ञान के विद्यार्थी होने के नाते आपकी जिम्मेदारी है कि आप तर्क और प्रयोग के आधार पर दुनिया को समझें।

प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने प्रतियोगिता को समग्र शिक्षा का एक अभिन्न अंग बताया और कहा कि यह छात्रों को किताबी ज्ञान से परे सोचने के लिए प्रेरित करती है। सीनियर विंग हेड देवेंद्र पूनिया ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने भाग लिया। जिनके नाम भारत के महान वैज्ञानिकों के नाम पर रखे गए थे। जिनमें हरगोविंद खुराना, श्रीनिवास रामानुजन, आर्यभट्ट, विक्रम साराभाई, सीवी रमन, एसएन बोस, जेसी बोस और एपीजे अब्दुल कलाम शामिल थे। प्रतिभागियों को क्विज के लिए मेंटर मंजीत यादव, मयंक लावण्या, सुधा व जोगेंद्र ने आवश्यक निर्देश दिए। अंतिम राउंड तक चले रोमांचक मुकाबले के बाद एसएन बोस टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्रॉफी अपने नाम की।


महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**जेसी बोस टीम द्वितीय**

इस टीम के सदस्यों की सुसंगठित तैयारी और त्वरित उत्तर देने की क्षमता निर्णायक साबित हुई। जेसी बोस टीम ने द्वितीय व आर्यभट्ट टीम ने तीसरे स्थान पर अपनी जगह बनाई।



नारनौल। प्रो. प्रेसिडेंट व मुख्य वित्त अधिकारी सुनील कुमार सोबती को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सिंघानिया यूनिवर्सिटी ने प्रतिभा को दिया सम्मान

**नारनौल।** हरियाणा पब्लिक स्कूल में गरबा उत्सव हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विजेता मीनाक्षी गौतम को सिंघानिया यूनिवर्सिटी की ओर से आयोजित लकी ड्रॉ में एक मोबाइल फोन देकर सम्मानित किया गया, जिससे कार्यक्रम की रौनक और भी बढ़ गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिंघानिया यूनिवर्सिटी के प्रो प्रेसिडेंट एवं मुख्य वित्त अधिकारी सुनील कुमार सोबती व नीलम सुनील सोबती ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इसी दौरान हरियाणा पब्लिक स्कूल की ओर से चेयरमैन हितेश वर्मा ने सुनील कुमार सोबती को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो. प्रेसिडेंट सुनील कुमार सोबती ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतिभा को निखारते हैं और उन्हें सामाजिक व नैतिक मूल्यों से जोड़ते हैं। सिंघानिया यूनिवर्सिटी हमेशा ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित करती रहेगी। इस उत्सव में विश्वविद्यालय का स्टाफ जिसमें प्रमुख रूप से रजिस्ट्रार एमआई हाशमी, डॉ. सुनील दत्त चतुर्वेदी विभागाध्यक्ष लॉ विभाग, डॉ. मुनीश ठाकुर विभागाध्यक्ष अंग्रेजी विभाग, डॉ. नरेंद्र यादव सहायक प्राध्यापक समाजशास्त्र विभाग, साहिल बिश्नोई सहायक प्राध्यापक लॉ विभाग, भूपसिंह रंगा एडवाइजर टू कैंपस डायरेक्टर, सनी टेक्निकल असिस्टेंट, सुनीता कुमारी प्रिंसिपल आदि मौजूद रहे।

## हरियाणा स्कूल में हुई शिक्षक-अभिभावक बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

मोहल्ला चौधरीयान स्थित हरियाणा सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मंगलवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभिभावकों ने सभी विषयों से संबंधित शिक्षकों से मिलकर अपने बच्चों की प्रगति रिपार्ट प्राप्त की। इस मौके पर विद्यालय चेयरमैन हितेन्द्र शर्मा व निदेशिका संगीता शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन हम समय-समय पर करते रहतेहै, जो की बच्चों की पढाई में लाभदायक होते है। शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी सही मायने में तभी सार्थक होता है, जब अभिभावक बच्चों के लिए जागरूक है तथा अध्यापक बड़े ही प्रेम से दिशा निर्देश दे। प्रतियोगिता के इस दौर में अभिभावकों को भी जागरूक होकर विद्यालय तथा अध्यापकों के साथ तालमेल बैठाना चाहिए। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावक व अध्यापक का परस्पर साथ मिलकर प्रयास करने होंगे तथा विचारों का आदान-प्रदान करना होगा। प्राचार्य अवनीश सैनी ने सभी अभिभावकों को विद्यालय पधारने पर उनका धन्यवाद किया। अभिभावकों ने विद्यालय के सभी शिक्षकों की शिक्षण कार्यशैली की प्रशंसा की तथा विद्यालय के अनुशासन, सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभागिता, शिक्षा के क्षेत्र में राज्यस्तरीय परिणाम व सर्वांगीण विकास से जुडी सभी गतिविधिओं की सराहना की। अभिभावकों ने विद्यालय में षिक्षण कार्यशैली के लिए खुल कर अपने सुझव भी दिए।


नारनौल। बैठक में भाग लेते शिक्षक व अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

## एसपीजी आईएएस स्कूल में डांडिया उत्सव आयोजित


महेंद्रगढ़। डांडिया उत्सव में भाग लेती टीचर्स। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** डुलाना चितलांग रोड स्थित एसपीजी आईएएस स्कूल में मंगलवार को गरबा व डांडिया रास उत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिससे विद्यालय का वातावरण भक्ति व सांस्कृतिक रंगों से सराबोर था। प्रिंसिपल सरिता यादव ने बताया कि विद्यार्थियों को देश की विविधताओं से जोड़ने के लिए समय समय पर सांस्कृतिक आयोजन किए जाते हैं। आज डांडिया व गरबा उत्सव का आयोजन किया गया हैं। इससे विद्यार्थी न केवल अपनी संस्कृति को समझें, बल्कि एकता और भाईचारे का संदेश भी ग्रहण कर सकें। रंग बिरंगी पोशाकों में सजे विद्यार्थियों ने गरबा पांडाल को जीवंत कर दिया। नन्हें मुन्नों की डांडिया, गरबा की नृत्य प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीईओ रोहित यादव ने गणेश प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यार्थियों ने विभिन्न समूह नृत्य लोकगीत व अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। बच्चों के साथ अध्यापकों ने गरबा की धुन पर नृत्य किया। स्कूल चेयरमैन डॉ. विरेंद्र राव ने बच्चों के उत्साह की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में भारतीय परंपरा सामूहिकता व अनुशासन की भावना का विकास करते हैं।

## पूर्व सीएम राव बिरेंद्र सिंह के राजनीतिक करियर से ईमानदारी की मिलती रहेगी प्रेरणा: राजेंद्र


नांगल चौधरी। पूर्व सीएम स्व. राव बिरेंद्र सिंह को श्रद्धांजली अर्पित करते भुंगारका के ग्रामीण।

**नांगल चौधरी।** गांव भुंगारका में सरपंच राजेंद्र प्रसाद की अगुवाई में पूर्व सीएम राव बिरेंद्र सिंह की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जिसमें युवा कार्यकर्ताओं को दिवंगत नेता की जीवनी से अवगत कराया गया। इस दौरान हवन में आहुति डालकर जरूरतमंदों को कपड़े वितरित किए तथा अस्पताल में मरीजों को फल मुहैया कराए हैं। उन्होंने कहा कि राव बिरेंद्र सिंह का राजनीतिक करियर ईमानदारी और स्पष्टवादिता से समावेशित रहा है। उन्होंने राजनीतिक उतार-चढ़ाव को दैनिक दिनचर्या पर हावी नहीं होने दिया तथा जनसेवा में जुटे रहे। केंद्र सरकार में बतौर कृषि मंत्री रहते हुए उन्होंने किसानों को उनकी फसलों का अच्छा भाव दिलाया था। पार्टी हाईकमान के सामने उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को बेबाकी से रखा था जिसकी बदौलत महेंद्रगढ़ जिले में नहरों का निर्माण संभव हो पाया है। दिवंगत राव बिरेंद्र सिंह की जीवनी से युवाओं को पारदर्शिता पूर्वक राजनीति करने की प्रेरणा मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने भी राव बिरेंद्र सिंह के सिद्यांतों का अनुसरण करते हुए बेदाग राजनीति की है।

**सूचना**

मैं, राजेश कुमार पुत्र श्री मंगल सिंह पुत्र श्री नत्थुराम निवासी सुरजनवास तहसील व जिला महेन्द्रगढ़ (हरि.) बयान करता हूं कि मेरा पुत्र मुकुल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै नेपाल सिंह पुत्र सिपाही सिंह वासी गांव जहराना भगतपुर, काहिर गभाना जिला अलीगढ यूपी आज बमुकाम नारनौल हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र शिवा चौहान मेरे कहने सुनने से बाहर है व हर दिन घर में झगडा करता रहता है। इसलिए मै उसको अपनी चल–अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य मे इससे लेनदेन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे बाकि परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सार्वजनिक सूचना**

मै, दीपचन्द पुत्र किशन चन्द निवासी मौहल्ला काबिला संघीवाड़ा नारनौल जिला महेन्द्रगढ़ घोषणा करता हूं मेरे पिताजी स्वर्गीय श्री किशन चन्द पुत्र ताराचन्द की मृत्यु दिनांक 01.02.2018 को हुई थी व मेरी माता जी कुसमलता पत्नी स्वर्गिय किशन चन्द की मृत्यु 09.12.2022 को हो गई थी उनके मृत्यु उपरांत इनके निम्न कानूनी वारिसान है – 1. दीपचन्द पुत्र, 2. वीणा पुत्री, 3. प्रवीन पुत्री, 4. नीना गोयल पुत्री है। जिसमें नीना गोयल का स्वर्गावास 17.03.2018 को हो गया था। इसके उपरांत उसकी वारिसान दोनो पुत्रीया 1. निकिता अग्रवाल, 2. मेघा तायल है। इसके अलावा मेरे पिताजी व माताजी के अन्य कोई कानूनी वारिसान नहीं है। अगर इस बाबत किसी भी आम व खास को कोई आपत्ती है तो वह विज्ञापन प्रकाशन के 30 दिन तक तहसीलदार नारनौल व नगर परिषद नारनौल जिला महेन्द्रगढ़ को अपना एतराज पेश कर सकता है।



नारनौल। कार्यक्रम में भाग लेते स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### विद्या भारती स्कूल में धूमधाम से मनाया गरबा

**नारनौल।** विद्या भारती पब्लिक स्कूल निजामपुर के किड्स ब्लॉक में डांडिया रास व गरबा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन एडवोकेट राजकुमार यादव व वाइस चेयरपर्सन डॉ. उषा यादव ने किया। संस्था के प्रबंध निदेशक एडवोकेट पीयूष यादव व निदेशक डॉ. रविन्द्रा यादव ने देवी अम्बे गौरी की आरती की। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों व अध्यापिकाओं ने रंगबिरंगी मनमोहक ड्रेस में डांडिया नृत्य का प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य विनोद यादव व किड्स ब्लॉक इंचाज विजय सोनी ने सभी को दुर्गाष्टमी पर्व की बधाई देते हुए कहा कि देवी दुर्गा का दिव्य आशीर्वाद आपके जीवन को आनंद, शांति व समृद्धि से भरें।

## विजय स्कूल में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

विजय इंटरनेशनल स्कूल में सेवा पखवाड़ा के तहत नशा मुक्ति व सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव मुहिम के अंर्तगत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डीएसपी दिनेश कुमार ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय चेयरमैन विजय यादव टूमना ने की। इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन विजय यादव टूमना, सचिव महेंद्र सिंह, प्राचार्य नत्थूसिंह समेत मुख्य अतिथि डीएसपी दिनेश कुमार, विशिष्ठ अतिथि रविन्द्र कुमार एसएचओ सतनाली, पवन कुमार एसएचओ सिटी थाना, टपेन्द्र सिंह इंचार्ज पुलिस चौकी माधोगढ़, संयोजक राजेश झाड़ली समेत समस्त अध्यापक व बच्चे उपस्थित रहे।



महेंद्रगढ़। जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

इस अभियान के संयोजक राजेश झाड़ली ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत जिलेभर में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मुख्य अतिथि डीएसपी दिनेश कुमार ने बच्चों को बताया कि नशा व तम्बाकू हमारे जीवन का सबसे बड़ा शत्रु है, जो कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बनता है।

चेयरमैन विजय यादव टूमना ने मुख्य अतिथि व अन्य उपस्थित सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करते हुए बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया और फेसबुक व अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी अवगत किया और इनसे दूर रहने की सलाह दी। विद्यालय प्रिंसिपल नत्थूसिंह ने बच्चों व उपस्थित सभी लोगों से इस मुहिम को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## सूरज कॉलेज की छात्रा अंजलि ने किया विश्वविद्यालय में टॉप

**महेंद्रगढ़।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर रेवाड़ी की ओर से एमएससी रसायन विज्ञान के द्वितीय सेमेस्टर का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सूरज डिग्री कॉलेज की एमएससी रसायन विज्ञान द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा अंजलि पुत्री अजीत सिंह बसई ने 9.67 एसजीपीए लेकर पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि इसी क्रम मे नेहा पुत्री श्रीराम ककराला ने 8.87 एसजीपीए लेकर कॉलेज में दूसरा व नेहा पुत्री सुभाष ग्राम जावा ने 8.53 एसजीपीए लेकर कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने बताया कि कॉलेज के विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। उन्होंने परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने चलाया स्वच्छता अभियान

**नारनौल।** पुलिस विभाग की ओर से पुलिस लाइन में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन का आधार है। स्वच्छता से अभिप्राय उन आदतों से है, जो स्वास्थ्य की रक्षा करती हैं और बीमारियों को फैलने से रोकती हैं, जिसमें व्यक्तिगत स्वच्छता, सार्वजनिक स्वच्छता (वातावरण) और अपशिष्ट निपटान की सफाई और खाद्य स्वच्छता इत्यादि शामिल हैं।

### राव नरेंद्र सिंह को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर खुशी

**निजामपुर।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र सिंह को कांग्रेस का प्रदेशाध्यक्ष बनाने पर कार्यकर्ताओं ने पार्टी हाईकमान का आभार जताया है। कहा कि राव नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में संगठन को मजबूती मिलेगी तथा युवाओं में पार्टी से जुड़ने का रूझान बढ़ेगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी एकता रैली निकाली है।

### प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर अधिवक्ताओं ने जताई खुशी

**नारनौल।** जिला बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने राव नरेंद्र सिंह को कांग्रेस पार्टी का प्रदशे अध्यक्ष बनाए जाने पर लड्डू बांटकर खुशी मनाई। अधिवक्ताओं ने उन्हें बधाई देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस को नई मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता पीसी गुप्ता, करण सिंह यादव, राजकुमार रामबास, जयवीर यादव, एनएन यादव, रामफल यादव, सुरेंद्र ढिल्लों, बीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### राव नरेंद्र को अध्यक्ष बनाने पर बांटे लड्डू

**नारनौल।** नांगल चौधरी क्षेत्र के गांव भोजावास के बस स्टैंड पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्रसिंह हुड्डा को विपक्ष का नेता एवं दक्षिणी हरियाणा की आन बान शान और छत्तीस बिरादरी को साथ लेकर चलने वाले पूर्व मंत्री राव नरेन्द्र सिंह को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर लड्डू बांटकर खुशियां मनाई। हरियाणा प्रदेश अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश सचिव व रेवाड़ी जिले के प्रभारी ओमप्रकाश मांडैया, पूर्व जिला पार्षद नंदलाल यादव बाबूजी, नरेश भारती नंगली, सूरत सिंह भल्ला आदि मौजूद थे।

## पार्सल कैंसल होने के नाम पर डिजिटल अरेस्ट कर 15 लाख की ठगी

### बीकानेर के ठग को पकड़ा

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल**

साइबर थाना की पुलिस टीम साइबर जालसाजों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही है। पार्सल कैंसल होने के नाम पर डिजिटल अरेस्ट कर 15 लाख रुपए ठगने के मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना की टीम ने एक आरोपित खुशहाल भाटी वासी मुक्ता प्रसाद नगर जिला बीकानेर राजस्थान को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को बीकानेर क्षेत्र से गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

नारनौल शहर के पास ढाणी किरारोद अफगान के रहने वाले एक व्यक्ति ने शिकायत दी कि 10 अगस्त 2024 को उसके पास अज्ञात मोबाइल नम्बर से कॉल आई,। कॉल पर बोल रहे अज्ञात व्यक्ति ने कहा कि तुम्हारा कोई पार्सल कैंसिल हो गया है। शिकायतकर्ता के इस बारे में पूछने पर एक अन्य व्यक्ति बात करता है और बताता है कि उसकी आधार आईडी का प्रयोग करके कोई पार्सल बाहर भेजा जा रहा है और उसमें कुछ इलेक्ट्रोनिक्स सामान व ड्रग्स वगैरा मिले हैं। शिकायतकर्ता के द्वारा इस मामले में मना करने पर उसे वीडियो कॉल पर पुलिस अधिकारी से बात कराई जाती है और बैंक खाते की डिटेल मांगी जाती है। शिकायतकर्ता के द्वारा बैंक खाता की जानकारी देने पर उसके बैंक खाता में करवाई हुई 15 लाख रुपये की एफडी को ऑनलाइन वेरीफाई करवाने के लिए कहा। उसके बाद 12 अगस्त को शिकायतकर्ता के पास फिर से कॉल आई कि एफडी की वेरिफिकेशन के लिए 15 लाख रुपयों की आरटीजीएस ट्रांजक्शन करनी पड़ेगी और 15 मिनट में वेरीफाई करके पैसे वापिस कर दिए जाएंगे। शिकायतकर्ता ने 15 लाख रुपये भेज दिए। काफी समय बाद तक उसके पैसे वापिस नहीं आए और मोबाइल नम्बर पर कॉल लगना भी बंद हो गया। बाद में उसे पता चला कि नामपता नामालूम ने उसके साथ धोखाधड़ी करके 15 लाख ठग लिए है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस द्वारा संबंधित रिकॉर्ड प्राप्त किया गया और रिकॉड के अनुसार कार्रवाई करते हुए खुशहाल भाटी वासी मुक्ता प्रसाद नगर जिला बीकानेर राजस्थान को गिरफ्तार किया गया।

**साइबर थाने की पुलिस टीम ने साइबर ठग पकड़ा**
**साइबर ठगी में आरोपी का खाता हुआ था प्रयोग**

#### यह सावधानियां भी बरतें

- किसी को आधारकार्ड या पैनकार्ड न भेजें।
- किसी भी लिंक पर क्लिक न करें, आपकी निजी जानकारी ठगों को मिल सकती है।
- किसी ऑफर या इनाम के झांसे में न आएं।
- किसी को ओटीपी न बताएं, बैंक संबंधी डिटेल न दें।
- फिजूल के एप डाउनलोड करने से बचें।
- व्हॉट्सएप या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर डॉट एपीके फाइल पर क्लिक ना करें।


**नारनौल।** पुलिस गिरफ्त में आरोपित।

#### साइबर फ्रॉड से बचने के लिए यह बातें रखें ध्यान

- किसी भी अनजान फोन कॉल पर अपनी निजी जानकारी जैसे घर का एड्रेस, बैंक अकाउंट की डीटेल, आधार कार्ड, पैन कार्ड की जानकारी ना दें।
- पर्सनल डेटा और किसी भी तरह के ट्रांजेक्शन एकाउंट्स पर मजबूत पासवर्ड लगाकर रखें।
- किसी भी अनजान नंबर से कॉल आने पर अपनी जानकारी देने की बजाए, पहले सामने वाले की आइडेंटिटी वेरिफाई करें।
- संदेह होने पर तुरंत फोन काट दें और नंबर ब्लॉक कर दें।
- इस प्रकार से कॉल आने पर अपने संबंधित थाना या साइबर थाना में जाकर वेरिफाई करें।
- साइबर क्राइम होने पर इसकी शिकायत नजदीकी साइबर पुलिस स्टेशन या साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें।

### पहले से निर्धारित 50 फीसदी शिकायतों को निपटाया

## डॉ. अरविंद शर्मा ने कनीना में ली परिवेदना समिति की मासिक बैठक

**कल सूरजकुंड में लगने वाले दीपावली मेले का दिया न्योता**

**दिलीप दीक्षित ▸▸ कनीना**

प्रदेश के सहकारिता एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा ने कहा कि सहकारिता से ही आत्मनिर्भर भारत का संकल्प पूरा होगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार सहकारिता के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रही है।

सहकारिता मंत्री मंगलवार को महिला महाविद्यालय उन्हाणी में जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने पहले से ही निर्धारित 12 मामलों की सुनवाई की। जिनमें से छह शिकायतों को मौके पर निपटारा किया गया। बारिश के चलते छह शिकायतकर्ता हाजिर नहीं हो सके। उनके परिवार अगली बैठक में निपटाए जाएगें। इसके अलावा भी अन्य नागरिकों की भी शिकायत सुन उनका मौके पर ही निदान किया।


**कनीना।** बैठक में नागरिकों की शिकायतें सुनते सहकारिता मंत्री। *फोटो : हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विधायक कंवर सिंह यादव, बीजेपी के जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, पूर्व प्रधान राकेश शर्मा, नगर परिषद चेयरपर्सन कमलेश सैनी, कनीना नगरपालिका चेयरपर्सन रिंपी लोढा, राजेन्द्र शर्मा, राकेश शर्मा, विजय सांगवान, डीएमसी रणवीर सिंह, एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह अहलावत, डीएसपी दिनेश कुमार, थाना इंचार्ज सज्जन सिंह, संदीप हुड्डा, नपा के सचिव कपिल कुमार, एमई दिनेश कुमार, एडवोकेट जितेंद्र शर्मा, प्राचार्या विक्रम सिंह, सत्यवीर जांगडा आदि मौजूद थे।

#### जल्द संचालित होगा एआईपीआरओ कार्यालय

कनीना के पत्रकारों ने सहकारिता मंत्री को ज्ञापन सौंपकर एआईपीआरओ कार्यालय संचालित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कनीना सब डिवीजन बने दस वर्ष से अधिक का समय हो गया है लेकिन यहां पर एआईपीआरओ कार्यालय नहीं खोला गया है। जिसके चलते सरकार की कल्याणकारी नीतियों की जानकारी आमजन तक नहीं पहुंच रही है। सहकारिता मंत्री ने पत्रकारों को जल्द ही कनीना में एआईपीआरओ कार्यालय संचालित करने का आश्वासन दिया।

#### नहर विभाग के अधिकारी किए तलब

पत्रकारों ने महेंद्रगढ़-कनीना स्टेट हाईवे नंबर 24 पर उन्हाणी के समीप से गुजर रही रामपुरी रजवाहे के लीकेज साइफन की वजह से टूटे रोड पर हुए हादसों पर अंकुश लगाने की मांग को लेकर दलील दी। इस पॉइंट पर बीते करीब चार माह पूर्व घटित सड़क हादसे में चार नौजवान युवकों की मौत हो गई थी। टूटी सडक सड़क व लीकेज साइफन को लेकर लोक निर्माण विभाग व नहर विभाग के अधिकारी जनता को गुमराह कर समस्या को दूर करवाने के लिए एस्टीमेट बनाकर चंडीगढ़ भेजे जाने की बात कहते रहे हैं। उन्होंने दोनों विभागों के अधिकारियों को तलब किया। बैठक में नहर विभाग का एक्सईएन न आने पर डीसी को नोटिस जारी करने को कहा। डीसी ने बीच बचाव करते हुए समस्या का जल्द ही समाधान करवाने का आश्वासन दिया।

डॉ. अरविंद शर्मा ने दो अक्टूबर दशहरा से सूरजकुंड में आयोजित होने वाले दीपावली मेले का न्योता देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरकार लगातार स्वदेशी को प्रमोट कर रही है। जिसके सफल परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण के लिए भाजपा प्रदेश में आत्मनिर्भर संकल्प अभियान छेड़ेगी। इस दौरान पार्टी स्वदेशी, स्वभाषा व स्वभूषा पर फोकस करेगी। उन्होंने कहा कि ये तीनों आत्मनिर्भर भारत के स्तंभ हैं। उन्होंने प्रदेश में लागू की गई लाडो लक्ष्मी योजना का जिक्र करते हुए कहा कि यह योजना अंत्योदय की भावना के साथ लागू की गई है। यह बहुत बड़ी योजना है। जिला में अब तक 17 हजार लाभार्थियों ने इसके लिए पंजीकरण भी करवा दिया है। योजना से महिलाओं को आर्थिक लाभ होगा।

सहकारिता मंत्री ने बस स्टैंड के आसपास सडक पर लगने वाले जाम की समस्या से निपटने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए। बैठक में पहुंचे मंत्री का सबसे पहले उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार व पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने सहकारिता मंत्री का स्वागत किया।

## सप्तमी पर मां काली का हुआ पूजन


**नारनौल।** मां काली का पूजन करते कलाकार। *फोटो : हरिभूमि*

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल**

टाइगर क्लब की ओर से शहर की पुरानी कचहरी मैदान में चल रही दुर्गा पूजा महोत्सव में सोमवार रात माता रानी मां काली के स्वरूप की पूजा की गई। सातवें नवरात्र दुर्गा पूजा महोत्सव में सर्वप्रथम पंडित नारायण शास्त्री व पंडित गगन भारद्वाज ने नवीन यादव पटीकरा व उनके भतीजे एवं मंडल के सदस्यों को विधि विधान पूजा करवा माता की ज्योति प्रज्वलित करवाई।

भजन गायक कलाकार दीपक वालिया ने गणेश वंदना की व माता के भजनों से भक्तों को भाव विभोर कर दिया। पीयूष कौशिक ने मां के भजनों की अमृत वर्षा करते हुए भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया। माता रानी के दरबार में प्रसाद की सेवा मनीष सैनी व संजय सैनी मनीष द्वारा दी गई।

प्रधान राकेश यादव ने बताया कि एक अक्टूबर को दुर्गा पूजा महोत्सव के पूर्ण होने पर महोत्सव के भंडारा संयोजक अजय यादव एवं उनकी धर्मपत्नी दीपिका, मुख्य यजमान पवन यादव एवं उनकी धर्मपत्नी मुकेश देवी, कलश यात्रा मुख्य यजमान संजय सैनी एवं उनकी धर्मपत्नी नगर पालिका की पूर्व चेयरमैन भारती सैनी तथा सभी सदस्यों द्वारा महोत्सव पुरोहित नारायण शास्त्री द्वारा हवन होगा। भंडारे का आयोजन किया जाएगा। तत्पश्चात शाम 4 बजे माता की मूर्तियों के विसर्जन के लिए क्लब हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेगा।

#### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर मुख्य संरक्षक डॉ. शिवकुमार, प्रधान राकेश यादव, संरक्षक जयप्रकाश अग्रवाल, संरक्षक संजय, कोषाध्यक्ष मनोज सिंहल, टीटू सोनी, ललित सैनी, कार्यक्रम संयोजक प्रवीण यादव, सचिव नरेंद्र बंसी, मंच संचालक हेमंत जैन, विश्वास एडवोकेट, सुनील शर्मा, रवि खन्ना व केशू सैनी आदि मौजूद रहे।*

## पालड़ी पनिहारा गांव में हुआ जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव कार्यक्रम

**डीसी ने ग्रामीणों से किया सीधा संवाद, मौके पर हुई 36 समस्याओं की सुनवाई**

**हरिभूमि न्यूज. महेंद्रगढ़**

प्रदेश सरकार की सुशासन की अवधारणा को धरातल पर उतारने की दिशा में जिला प्रशासन की ओर से रात्रि ठहराव कार्यक्रम का प्रत्येक माह आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार देर सायं गांव पालड़ी पनिहारा में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने न केवल ग्रामीणों की समस्याएं सुनी, बल्कि गांव के विकास से जुड़े ग्रामीणों के सुझावों को भी सुना। डीसी ने मौके पर अधिकारियों को निर्देश देकर कई समस्याओं का तुरंत समाधान कराया। इससे ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति विश्वास और गहरा हुआ। कार्यक्रम में 36 ग्रामीणों ने समस्याएं रखी। गांव के किसान गजराज सिंह को एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी की ओर से बाजरे की उत्तम खेती करने में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उपायुक्त महोदय ने उनको प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।


**महेंद्रगढ़।** ग्रामीणों की समस्याएं सुनते उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी उदय सिंह, एसडीएम कनिका गोयल, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी नरेन्द्र सारवान, तहसीलदार अजय कुमार, खण्ड विकास एवं पंचायत अधिकारी नवदीप सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी अलका सहित गांव की सरपंच माया देवी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।*

## महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव को लेकर तैयारियां शुरू

**18 अक्टूबर से 15 नवंबर तक विभिन्न विधानसभा में आयोजित होगा महोत्सव**

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ महेंद्रगढ़**

सांसद खेल महोत्सव को लेकर महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा क्षेत्र में तैयारियां शुरू हो गई हैं। महेंद्रगढ़ में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कार्यक्रम संयोजक सुधीर चांदवास ने जानकारी दी कि यह महोत्सव 18 अक्टूबर से 15 नवंबर तक विभिन्न विधानसभा में आयोजित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सांसद खेल महोत्सव की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा पूरे देश में खेल और खिलाड़ियों की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई है।


**महेंद्रगढ़।** पत्रकार वार्ता में उपस्थित सुधीर चांदवास व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

#### पोर्टल पर खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन जारी

संसदीय क्षेत्र में इस आयोजन के लिए 29 अगस्त मेजर ध्यानचंद के जन्मदिवस पर पोर्टल लांच किया गया था। इस पोर्टल पर खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन जारी है और अब तक लगभग 4559 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं, जिनमें 1059 व्यक्तिगत खेलों के लिए और करीब 3500 टीम गेम्स के लिए हैं। इंडिविजुअल गेम्स एथलेटिक्स (100 मीटर, 1500 मीटर दौड़, हाई जंप, लॉन्ग जंप, बॉक्सिंग, कुश्ती, स्विमिंग आदि। टीम गेम्स वॉलीबॉल, कबड्डी (हरियाणा व नेशनल स्टाइल), रस्साकसी, स्विमिंग आदि। इसके बाद संसदीय स्तर की प्रतियोगिता 23 से 25 नवंबर तक भीम स्टेडियम भिवानी में होंगी। सुधीर चांदवास ने बताया कि प्रतिभागियों को विधानसभा और लोकसभा स्तर पर प्रमाण पत्र के साथ नकद पुरस्कार भी दिए जाएंगे। खेलों की सफल व्यवस्था के लिए एक कमेटी गठित की गई है।

## 30 साल के बाद सेवानिवृत्त हुए उपमंडल अधिकारी, दी विदाई

**तुलिप होटल नारनौल में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन**

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल**

हरियाणा पंचायती राज विभाग में उमपण्डल अधिकारी के पद पर कार्यरत विनोद कुमार कनीना से 30 साल 3 माह की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। विभाग की ओर से उनके सम्मान में तुलिप होटल नारनौल में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया।

इस अवसर पर कार्यकारी अभियंता, पंचायती राज रेवाड़ी नरेन्द्र कुमार गुलिया विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित थे। नरेंद्र गुलिया ने बताया कि विनोद कुमार अपने सम्पूर्ण कार्यकाल में बहुत ही स्नेहशील अधिकारी के तौर पर जाने जाते हैं। उनकी कार्यशैली बहुत ही मिलनसान थी। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान बहुत ही ईमानदारी व निष्ठा से अपना कार्य किया। उन्होंने रेवाड़ी, नारनौल व हरियाणा राज्य के अन्य जिलों में कनिष्ठ अभियंता से लेकर उपमण्डल अधिकारी, पंचायती राज के पदों पर कार्य किया। हरियाणा पंचायती राज एसोसिएशन के राज्य प्रधान महेन्द्र सिंह यादव ने बताया कि विनोद कुमार के साथ उनका साथ वर्ष 1996 से है तथा दोनों ने साथ-साथ कई वर्षों तक कार्य किया तथा वे बहुत साफ छवि के अधिकारी रहे हैं। इस मौके पर ऋषिराज ग्रेवाल, पंचायती राज, कनिष्ठ अभियंता व कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।


**नारनौल।** सेवानिवृत्ति उपमंडल अधिकारी विनोद कुमार साथ में स्टाफ सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*


**मंडी अटेली।** अजय सिंह चौटाला का बोचड़िया में स्वागत करते राव ओमप्रकाश इंजीनियर।

### भाजपा के साथ समझौता करने से जजपा कमजोर हुई, फिर से करेंगे मजबूत

**मंडी अटेली।** जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अजय सिंह चौटाला का मंगलवार को बोचड़िया स्थित राव ओमप्रकाश इंजीनियर के फार्म पर पार्टी कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। राव ओमप्रकाश इंजीनियर के नेतृत्व में अटेली के बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं के अलावा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केसी बांगड़ पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सचिव राजेंद्र लितानी, जिला अध्यक्ष सहित अनेक नेताओं ने पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने नुस्खे दिए। पत्रकारों से वार्ता करते हुए हुए डा. अजय चौटाला ने माना कि भाजपा के साथ पूर्व में समझौता करना उनकी राजनीतिक भूल थी, उसका खामियाजा उठाना पड़ा कि गत विधानसभा के चुनावों में उनकी पार्टी खास नहीं कर पाई। इस मौके पर जिला अध्यक्ष राजकुमार खातौद, सुरेश शास्त्री, राव कुलदीप अटाली, अनिल प्रधान, हल्का प्रधान बेदू राता आदि मौजूद थे।

### सिटी मैरिज पैलेस में जिलास्तरीय कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

## भाजपा के इरादे किसानों को खत्म करना, जेजेपी ही विकल्प : डॉ. अजय

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ नारनौल**

जननायक जनता पार्टी मजबूत कार्यकर्ताओं की फौज है। भाजपा सरकार की खराब नीतियों से प्रदेश का आमजन परेशान है। जनहित में प्रदेश में बदलाव लाने के लिए जेजेपी का एक-एक मेहनती कार्यकर्ता अभी से संघर्ष में जुट जाए तथा जननायक जनता पार्टी का कार्यकर्ताओं का संघर्ष ही आने वाले समय में जरूर परिवर्तन लेकर आएगा। यह बात पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला मंगलवार को पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कही।


**नारनौल।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते डा. अजय चौटाला। *फोटो : हरिभूमि*

अजय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की कमर तोड़ने का काम कर रही है। सरकार के पास किसानों को राहत पहुंचाने की कोई योजना नहीं है। अब भाजपा सरकार किसानों से विकास शुल्क वसूलने की तैयारी में जुटी है। सरकार के ऐसे फैसले साफ दर्शाते हैं कि सरकार का इरादा किसानों को खत्म करने का है।

भाजपा सरकार किसान हितैषी जलभराव पीड़ितों को तुरंत मुआवजा जारी करती, लेकिन सरकार तो किसानों को कमजोर करने के लिए नई-नई योजना बनाने में व्यस्त है। अजय चौटाला ने कहा कि जीएसटी राहत के झूठे गुणगान पिछले 8 सालों में जनता से कितना जीएसटी वसूल किया। उसका रिकॉर्ड जनता के सामने सांझा करें। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में निरंतर भ्रष्टाचार, अपराध, बेरोजगारी, गुंडागर्दी बढ़ी है।

#### यह रहे मौजूद

इस मौके पर महेंद्र बडेसरा, ओमप्रकाश इंजीनियर, कैलाश पालड़ी, रामकुमार मकसूसपुर, हरचंद तोबड़ा, सिकंदर गहली, जिला प्रवक्ता विजय छिलरो, सुरेंद्र पटीकरा, सोनिया धनखड़, बेदू राता, विनोद भील, प्रमोद ताखर, दिनेश राजपूत, अधिवक्ता विजयपाल, विरेंद्र घटासेर, संदीप भाखर, हजारी लम्बोरा, विष्णु डाबर, महेंद्र खन्ना, अधिवक्ता अजय चौधरी, मीनू स्वामी, चैनसुख, धर्मवीर प्रधान, अनमोल गुप्ता, राजकुमार जांगड़ा, जिला पार्षद सचिन, रोहताश रावत, मुकेश मित्तल, केशव वर्मा, माडूराम, राकेश, जोगिंद्र, सतबीर पहलवान, रणबीर करण छिलरो, नवीन राव, कंवरसिंह नंबरदार, बजरंग गुर्जर, शेरू महरमपुर, रवींद्र गागड़वास, जगदीश शर्मा, हैप्पी तवर, योगी आदि मौजूद थे।

#### देवीलाल की नीतियों को जन जन तक पहुंचाएं

उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि चौधरी देवीलाल की नीतियों को, चौधरी ओम प्रकाश चौटाला ने कैसे राज किया कैसे जन हित में कार्य किया, कैसे पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने जनहित में जो कार्य किया। वह लोगों को गांव- गांव में पहुंचने का काम करें। इस अवसर पर जिला प्रधान राजकुमार खातोद ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया तथा प्रोग्राम को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं का धन्यवाद किया। इस अवसर पर बजरंग लाल अग्रवाल समेत अनेक लोगों ने पार्टी को ज्वाइन किया।